# राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांकः प.8(5) / प. आ. / क.अ.(कृषि)(टीएसपी) / RSMSSB / 2015 / 393. दिनांक 14-9-15

## —: प्रेस विज्ञप्ति :—

दिनांक 20 सितम्बर, 2015 को प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह पश्चात् 01 बजे तक उदयपुर में आयोजित होने वाली कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि)(टीएसपी) सीधी भर्ती परीक्षा 2015 के लिए प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 15.09.2015 से डाउन लोड किया जा सकता है। बोर्ड द्वारा प्रवेश–पत्र अलग से अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जावेंगे।

परीक्षार्थी को अपनी पहचान के लिए परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र के साथ कोई एक अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं पासपोर्ट साइज का एक रंगीन फोटो लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी पुस्तक, नोट, मोबाइल फोन, डिजीटल वॉच एवं अन्य संचार उपकरण या अन्य कोई निषिद्ध सामग्री साथ लेकर नहीं आवें। केन्द्र पर इन्हें सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व बोर्ड या परीक्षा केन्द्र के किसी कार्मिक का नहीं होगा। उत्तर पत्रकों में उत्तर के गोले को गहरा करने के लिए परीक्षार्थी को नीले रंग की स्याही का पारदर्शी बाल पैन लाना होगा।

परीक्षार्थियों को परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र पर 09:30 बजे से पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। परीक्षार्थी प्रश्न पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अस्पष्टता के संबन्ध में परीक्षा समाप्त होने के 72 घण्टे के भीतर बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अपनी आपत्ति (यदि कोई हो) मय प्रमाण अपलोड कर सकते हैं।

–sd–

**(सांवर मल वर्मा)**

**सचिव**